# प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने में हिंदी की भूमिका अहम : सत्यवर्धन



### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई।** शासन-प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में राजभाषा हिंदी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंदी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में एकरूपता, राष्ट्रीय एकता तथा संवैधानिक दायित्वों के प्रभावी निर्वहन की सुदृढ़ आधारशिला है। यह विचार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), ग्वालियर कार्यालय-2 के अध्यक्ष श्री सत्यवर्धन गौतम ने गुरुवार को आयोजित नराकास की प्रथम छमाही बैठक में व्यक्त किए।

भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से गृह मंत्रालय द्वारा ग्वालियर स्थित केंद्रीय कार्यालयों के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), ग्वालियर कार्यालय-2 की अध्यक्षता कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर को सौंपी गई है। इसी क्रम में राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार भविष्य निधि भवन स्थित सभागार में प्रथम छमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नराकास सचिवालय द्वारा तैयार 'राजभाषा सहायिका' का विमोचन सत्यवर्धन गौतम एवं अन्य मंचासीन अतिथियों के कर-कमलों द्वारा किया गया। क्षेत्रीय आयुक्त सत्यवर्धन गौतम ने राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राजभाषा नियम, 1976 के प्रभावी अनुपालन पर बल देते हुए कहा कि हिंदी के माध्यम से कार्य निष्पादन में न केवल संप्रेषण को सरल बनाता है, बल्कि कार्यों में पारदर्शिता और एकरुपता भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से पत्राचार, टिप्पणियों, आदेशों, अधिसूचनाओं, ई-ऑफिस प्रणाली तथा अन्य डिजिटल माध्यमों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर ईपीएफओ, क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा संगठन की प्रमुख सेवाओं एवं विभिन्न योजनाओं पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही, ईपीएफओ की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। बैठक में ईपीएफओं कार्यालय के सहायक भविष्य निधि आयुक्त विवेक कुमार गुप्ता एवं ज्ञानेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ईपीएफओ के कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं समिति के सदस्य-सचिव सोनू कुमार द्वारा किया गया।

### 24 केन्द्रीय कार्यालयों के अधिकारियों ने लिया भाग

इस बैठक में केंद्रीय कार्यालयों में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री पंकज खुराना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से उपकमांडेंट श्री मिथिलेश पाण्डेय, सीमा सुरक्षा बल अकादमी से उपकमांडेंट श्री सरदार सिंह, इंटेलिजेंस ब्यूरो से सहायक निदेशक श्री आर.के. सिंह, एसएमएसई से उपनिदेशक राजीव कुमार, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अधीक्षण अभियंता रवीन्द्र यादव, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से सहायक नारकोटिक्स आयुक्त जी.के. सक्सेना, डाक विभाग से उप अधीक्षक विष्णुपाल सिंह यादव, केंद्रीय संचार ब्यूरो से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री अजय बैस, रेल स्प्रिंग कारखाना से मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान से अध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुभाष कटारे सहित विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजभाषा हिंदी के संवर्धन पर हुआ मंथन

बैठक के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग, छमाही प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति तथा व्यवहारिक चुनौतियों पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न कार्यालयों ने कार्यालयीन पत्राचार, नोटशीट, आदेश, अधिसूचनाओं, ई-ऑफिस, ई-मेल, वेबसाइट, सोशल मीडिया तथा अन्य डिजिटल माध्यमों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे नवाचारों एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा किया। हिंदी में मूल रूप से कार्य करने, अनुवाद पर निर्भरता कम करने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नियमित राजभाषा प्रशिक्षण, हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन, तकनीकी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर यूनिकोड हिंदी के अधिकाधिक उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ।



# 3450 चेंबर सदस्य करेंगे मताधिकार का उपयोग

### मतदाताओं को भ्रम न हो इसलिये सभी पदों के बैलेट पेपर अलग अलग रंगों के होंगे

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई।** मप्र चेबर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के 17 जुलाई को होने वाले निर्वाचन के लिये अभी तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। वहीं निर्वाचन को लेकर चेंबर सचिवालय ने निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में मतदान के लिये प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी है। 3450 चेंबर सदस्य अलग अलग पदों के लिये अपने मतों का उपयोग करेंगे। मतदाताओं को किसी प्रकार का भ्रम न हो इसलिये सभी पदों के बैलेट पेपर अलग अलग रंगों के होंगे। मतदान 17 जुलाई को प्रात: 8 बजे से शुरू होगा और सायं 5 बजे तक चलेगा।

इधर चेंबर में सभी पदों के लिये प्रत्याशियों का जनसंपर्क जोरशोर से जारी है। इस बार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन होने से होर्डिंग बैनर कटआउअ पूरे शहर व बाजारों में कहीं भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिस कारण जनसंपर्क बेहद शांति और मित्रतापूर्ण माहौल में चल रहा है। विशेष बात यह है कि आचार संहिता के उल्लंघन व प्रत्याशियों द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाने की होड़ इस बार चेंबर चुनाव में अभी तक नहीं देखी गई है और न ही इसकी अभी तक कोई शिकायत भी नहीं आई है।

बैलेट पेपर अलग अलग रंग के चेंबर के निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय के अनुसार अध्यक्ष से लेकर संयुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के पद हेतु सभी बैलेट पेपर अलग अलग रंग के होंगे, ताकि वोटरों में कोई भ्रम न हो और यह सभी मतपत्र स्टेपल से पिन होंगे। मतगणना 17 जुलाई को सायं 5 बजे मतदान समाप्त होने के थोड़ी देर बाद ही शुरू हो जायेगी। विजयवर्गीय ने बताया कि रिजल्ट भी रात्रि 11-12 बजे तक घोषित कर दिये जायेंगे.

चेंबर मतदान और मतगणना के लिये चेंबर निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय, संयुक्त निर्वाचन अधिकारी अरविंद गौड़ व सह निर्वाचन अधिकारी राजीव अग्रवाल ने बताया कि लगभग 100 लोगों का स्टाफ लगाया जायेगा। चेंबर चुनाव में विभिन्न प्रत्याशियों के एक एक प्रतिनिधि को प्रवेश हेतु पास जारी किये जायेंगे। यह प्रतिनिधि मतदान व मतगणना के लिये अलग अलग भी हो सकते है। चेंबर में मतदान के लिये बकाया शुल्क के नो ड्यूज सर्टिफिकेट के लिये सदस्यों का चेंबर सचिवालय में आकर राशि जमा करने का सिलसिला जारी है।

### चेंबर कार्यकारिणी के लिये 251 उम्मीदवार मैदान में

मप्र चेंबर आफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के चुनावों के लिए प्रचार तेज हो गया है। प्रत्याशी जहां मैदान में ताकत झोंक रहे हैं, वहीं नाम वापसी और नामांकनों की जांच के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। अब मुख्य पदों के लिये दो दो उम्मीदवारों ही आमने सामने है। वहीं कार्यकारिणी समिति पद के लिये 251 उम्मीदवार शेष रह गये हैं। निर्वाचन अधिकारी अशोक विजयवर्गीय का कहना है कि नाम वापसी और नामांकनों की जांच के बाद अब चुनावों में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो चुकी है। कार्यकारिणी समिति पद हेतु 251 उम्मीदवार मैदान में है। वहीं मुख्य छह पदों अध्यक्ष, संयुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, मानसेवी सचिव के लिये आमने सामने दो - दो उम्मीदवार है।

# 1675 पीएम आवास के लिए सभी विभागों से मिली मंजूरी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई ।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मानपुर में जल्द ही 1675 आवास बनने जा रहे हैं। इसके लिए सभी विभागों की मंजूरी मिल चुकी है, राज्य स्तर तकनीकी समिति एवं केंद्र शासन से (सी एम सी कमेटी) से अनुमोदन हो चुका है साथ ही स्थान आदि का चयन हो चुका है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पीएमएवाय टीम को तत्काल इस कार्य को आगे बढाते हुए निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सहायक यंत्री पीआईयू पवन शर्मा ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत मानपुर में 1675 आवास बनाए जाने हैं, इनमें 960 ईडब्ल्यूएस, एलआईजी 576, एमआईजी 139 आवास बनने हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्व में मानपुर , महलगांव में बनाए गए सभी आवासों में आमजन निवास कर रहे हैं। पूर्व में बनाए गए पीएम आवास शासन स्तर पर प्रशंसा भी मिली हैं।

### आमजन कर रहे थे द्वितीय चरण की प्रतिक्षा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों को पहले भवन नहीं मिल पाए थे, वह लगातार नगर निगम कार्यालय में पीएम आवास के द्वितीय चरण के प्रारंभ होने को लेकर पूछताछ कर रहे थे।

### 285 करोड़ की लागत से बनेंगे आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जाने वाले 1675 आवासों की लागत 285 करोड रूपये आएंगी। इसके लिए शासन के सभी विभागों की मंजूरी मिल चुकी है।

# आईटीएम में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



### छात्र-छात्राओं ने किए सवाल, विशेषज्ञ वक्ताओं ने जवाब देकर किया जिज्ञाषाओं को शांत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्या वक्ता के रूप में टीआई शक्ति सिंह यादव (झांसी रोड थाना ग्वालियर) व विशिष्ट वक्ता के रूप में साइबर क्राइम सेल प्रभारी और एसआई मोहिनी वर्मा शामिल हुईं। इस अवसर पर स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ. मुकेश पाण्डेय, डॉ. शशिकांत गुप्ता, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, स्कूल ऑफस्पोर्ट्स एजुकेशन के एचओडी डॉ. विपिन तिवारी, प्रवी सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, एचओडी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर,असिस्टेंट प्रोफेसर, संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में छात्र-छात्राओं ने डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई लेन-देन, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध की स्थिति में अपनाई जाने वाली कानूनी एवं तकनीकी प्रक्रियाओं से संबंधित अनेक प्रश्न विशेषज्ञ वक्ताओं से किए।

**सही जानकारी,सतर्कता और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार ही साइबर अपराधों का बचाव : तृप्ति** डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक ने स्वागत उद्बोधन दिया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीकों का उपयोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे परिवेश में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन गया है। उन्होंने कहा कि तकनीक जितनी सुविधाजनक है, उतनी ही सतर्कता की भी अपेक्षा करती है।

### सभी को होनी चाहिए साइबर सुरक्षा की जानकारी होना आवश्यक : शक्ति सिंह

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता टीआई शक्ति सिंह यादव ने साइबर अपराध की मूल अवधारणा, साइबर सुरक्षा के महत्व तथा वर्तमान डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों के मामलों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं और छात्र-छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

### छोटी-सी असावधानी का लाभ लेकर नुकसान पहुंचाते हैं : मोहिनी

कार्यक्रम में वक्ता एवं एसआई और साइबर सेल प्रभारी मोहिनी वर्मा ने साइबर एवं डिजिटल अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन स्कैम, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, फिशिंग, क्यूआर कोड फ्रॉड, यूपीआई एवं इंटरनेट बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग तथा ओटीपी और केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी जैसे साइबर अपराधों की कार्यप्रणाली और उनसे जुड़े जोखिमों की विस्तृत जानकारी दी। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा किए गए फोन कॉल, ई-मेल, व्हाट्सएप संदेश, संदिग्ध लिंक अथवा क्यूआर कोड पर बिना सत्यापन के विश्वास नहीं करना चाहिए।

# 10 को विशेष संपत्ति कर शिविर में मिलेगा छूट का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई ।** 10 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष राजस्व वसूली शिविर में संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने वाले उपभोक्ताओं को अग्रिम छूट का लाभ दिया जाएगा। यह शिविर सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर सुबह 8 बजे से लगाये जाएगें।अपर आयुक्त सम्पत्तिकर श्री मुनीष सिंह सिकरवार ने बताया कि नगर निगम द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने पर विशेष अग्रिम छूट का लाभ दिया जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास अपर आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम ग्वालियर सीमांतर्गत 10 जुलाई प्रात: 8 बजे से सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर विशेष सम्पत्तिकर एवं जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करने वाले उपभोक्ताओं को अग्रिम छूट का लाभ दिया जाएगा।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

क्षेत्रीय तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा (आर.ओ.एस. ए.आर.बी.) ग्वालियर, प्रथमतल, बीएसएनएल बिल्डिंग, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र. - 474011, मो. नं. 78801-53116, 89378-86644
E-mail: sarsag@bankofbaroda.co.in I Web : bankofbaroda.com

परिशिष्ठ चतुर्थ - ए (नियम 6 (ए) एवं 8 (6) देखें)

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोंगो को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जाता है। को जहां है, जैसा है, और जो कुछ भी है, के आधार पर निम्नलिखित कर्जदार और प्रत्याभूति-दाता से प्रतिभूत लेनदार की निम्नदर्शित रुपये की बकाया राशि की बसूली हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय पर बेचा जायेगा। कर्जदारों/जमानतदारों /बंधक संपत्तियों/बकाया राशि/नीलामी तिथी व समय/आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि/बोली बढाने की राशि नीचे दर्शायी गई है।

| कर्जदार/जमानदार/बंधककर्ता का नाम व पता | ज्ञात ऋण-भार के साथ अचल संपत्ति का विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य / अग्रिमधनराशि / बोली बढाने की राशि | नीलामी की तारीख एवं समय | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| **ऋणी : श्री अमित जैन पुत्र स्व. श्री प्रभाष चन्द्र जैन सह-ऋणी : श्रीमती अंतिमा जैन पत्नी श्री अमित जैन** जोड़ें : (ए) फ्लैट नंबर 104, प्रसन अपार्टमेंट, नई सड़क, लश्कर, ग्वालियर-474001 जोड़ें : (बी) नगर निगम पुराना नंबर 19/105 फिर 39/444 और अब नया प्लॉट नंबर 37/488, वार्ड नंबर 37, जी-13, जाग्रति नगर में स्थित, लक्ष्मीगंज, लश्कर, ग्वालियर | **संपत्ति स्वामी - श्री अमित जैन पिता श्री प्रभाष चंद्र जैन** - प्रॉपर्टी का विवरण म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का पुराना हाउस नंबर 19/105 बाद में 39/444 और अब नया प्लॉट नंबर 37/488, वार्ड नंबर 37, पता' जी-13, जागृति नगर, लक्ष्मीगंज लश्कर, ग्वालियर। **चतुर-सीमाएँ : पूर्व** - खंडेलवाल का घर, **पश्चिम** - मातादीन का घर, **उत्तर** - बेदारिया का घर, **दक्षिण** - आम रास्ता। **भौतिक कब्जा** | ₹ 23,90,000/- / 2,39,000/- / 10,000/- | 28-07-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 16.05.2025 / 30.08.2025 / ₹ 29,93,042.71/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **ऋणी : मेसर्स सुयश मोटर्स (प्रोपराईटर : श्री चंद्रभान दुबे)** पता : नगर निगम मार्केट लक्ष्मी गंज, लश्कर ग्वालियर (मध्य प्रदेश)-474001 **सह-ऋणी : श्री चंद्रभान दुबे** पता : 110, काला सैय्यद, तारागंज ग्वालियर (म.प्र.)-474001 **जमानतदार : श्री रमेश दुबे पुत्र रघुबर दयाल दुबे** पता : काला सैयद, तारा गंज लश्कर गिर्द, ग्वालियर (मध्य प्रदेश)-474001 | **संपत्ति के मालिक - श्री चंद्र भान दुबे** - मकान नंबर 49/858, काला सैयद, समाधिया कॉलोनी के पास, तारा गंज, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)। प्लॉट का क्षेत्रफल 445.60 वर्गफुट। **चतुर-सीमाएँ : पूर्व**- कॉर्पोरेशन की सड़क, **पश्चिम**- महेंद्र कुशवाहा का घर, **उत्तर**- कॉमन पैसेज (साझा रास्ता), **दक्षिण**- विक्रेता का शेष हिस्सा। **भौतिक कब्जा** | ₹ 10,30,000/- / 1,03,000/- / 10,000/- | 28-07-2026 Time : 2:00 PM to 6:00 PM | 09.06.2025 / 30.09.2025 / ₹ 10,52,248.14/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm or https://baanknet.com में दिये गये लिंक को देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं मोबाईल नं. 78801-53116, 78801-53122

स्थान : ग्वालियर | दिनांक : 09/07/2026 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा



## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, गोहद जिला भिण्ड (म .प्र .)

क्र./मण्डी/तौ.का./2026-27/144 दिनांक 8/7/2026

**बी .ओ .टी . तौलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति गोहद द्वारा ई-बिडिंग प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी ओ.टी.) आधार पर तौलकाटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनाक 04.08.26 को समय 17:00 तक ऑनलाइन निविदा पोर्टल https://mptender gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

स्थापित किये जाने वाले तौलकाटा हेतु विवरण अग्रलिखित अनुसार है:-

| ई-निविदा क्रमांक | इलेक्ट्रोनिक तौलकाटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम/ऑफसेट (राशि रुपये) | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_ MPSAM _ 520094 | 1 Plate Weigh bridge at Mandi Yard Gohad Dist. Bhind | 10 MT | 25000.00 | 144000.00 | 5000.00 |

01. निविदा प्रपत्र एवं निविदा सबधी अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।
02 निविदा वो सभी संशोधन कंवल ऑनलाइन पोर्टल https://mptender gov.in पर जारी किये जायेगे।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति गोहद**
**जिला भिण्ड**



## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, कोलारस जिला- शिवपुरी (म .प्र .)

क्र/मण्डी/तौ. कां./2026-27/402 कोलारस, दिनांक 08.07.2026

**बी .ओ .टी . तौलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा ई-बिडिंग प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 04.08.2026 को समय 17:00 तक ऑनलाइन निविदा पोर्टल https://mptender.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

स्थापित किये जाने वाले तौलकांटा हेतु विवरण अग्रलिखित अनुसार है-

| ई-निविदा क्रमांक | इलेक्ट्रोनिक तौलकांटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम / आफसेट (राशि रूपये) | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_MPSAM_ 520096 | मंडी प्रांगण कोलारस | 10 MT | 75000 | 72000 | 5000.00 |

01. निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।
02. निविदा के सभी संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल https://mptender.gov.in पर जारी किये जायेगें।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**कोलारस जिला शिवपुरी म.प्र.**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**कोलारस जिला शिवपुरी म.प्र.**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95